तैयारी 20 फरवरी को खुल सकता है टेंडर, इसके बाद स्पीड से होंगे काम

नोएडा-ग्रेनो वेस्ट एक्वा लाइन प्रॉजेक्ट के लिए कंसल्टेंट तय होने की तैयारी



प्रमुख संवाददाता, नोएडा : एनएमआरसी की ओर से नोएडा-ग्रेनो वेस्ट प्रॉजेक्ट का डिजाइन तैयार करने के लिए कंसल्टेंट तय होने की तैयारी है। 20 फरवरी को इसका टेंडर खुलने जा रहा है उम्मीद है कि कंसल्टेंट तय हो जाएगा। कंसल्टेंट तय होते ही इस मेट्रो प्रॉजेक्ट का डिजाइन तैयार करने की कवायद शुरू होगी। यदि अगले सप्ताह कंसल्टेंट तय हो जाता है तो ऐसा माना जा रहा है कि एनएमआरसी मार्च में इसका टेंडर जारी कर पाएगी।

बता दें कि नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेनो तक बनने वाले 5 मेट्रो स्टेशन और 9.1 किमी लंबे मेट्रो ट्रैक पर इस समय सबकी निगाहे हैं। सीएम ने तीन साल में इस प्रॉजेक्टों को पूरा करने की डेडलाइन तय की है। वहीं सीएम की घोषणा के बाद एनएमआरसी भी इस पर गंभीर हो गई है। सॉइल टेस्टिंग आदि के काम पूरे हो चुके हैं और कंसल्टेंट तय करने के लिए पिछले दिनों टेंडर जारी किया है। 20 फरवरी इस टेंडर को ओपन करने की डेडलाइन रखी गई है। अब प्रॉजेक्ट में स्पीड से काम होने का पूरा दारोमदार फिलहाल 20 फरवरी को ओपन होने वाले टेंडर पर निर्भर करता है, क्योंकि यदि अगले सप्ताह कंसल्टेंट तय नहीं हो पाया तो फिर से कंसल्टेंट के आवेदन निकालने और तय करने में महीने भर का समय खराब हो जाएगा। यदि 20 फरवरी को कंसल्टेंट तय हो जाता है एनएमआरसी के सूत्रों का कहना है एक महीने का समय कंसल्टेंट को डिजाइन आदि तैयार करने में लगेगा जिसके चलते मार्च में इस प्रॉजेक्ट का टेंडर निकाला जा सकेगा। कंसल्टेंट तय होना अटक जाता है कि टेंडर जारी करने की प्रक्रिया मई तक लटक जाएगी।